पंजाब केसरी 20/03/2024

जी.एम.एन. कालेज में पावर प्वॉइंट प्रिजैंटेशन विषय पर हुई विशेष कार्यशाला

अम्बाला, 19 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए पावर प्वॉइंट प्रिजैंटेशन विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष डा. उपिन्द्र कौर ने बताया कि आज के इस व्यावसायिक दौर में पावर प्वॉइंट प्रिजैंटेशन को प्रभावी तरीके से तैयार करना और उन्हें समझना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य के तहत उन्होंने कालेज के सभी शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को पावर प्वॉइंट के उपयोग की महत्वपूर्णता पर जागरूक किया, ताकि सभी व्यावसायिक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

यह कार्यक्रम उनके व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके पेशेवर गतिविधियों में भी एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में ट्रेनर के तौर पर डा. सुरजीत ने संयोजन किया।

अपने संबोधन में कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम से हमें विषय से संबंधित प्रैक्टिकल की जानकारी मिलती है जिससे हम अपनी कार्यकुशलता को बढ़ा सकते हैं।

कम्प्यूटर विभाग के प्राध्यापक डा. सुरजीत ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षक एवं गैर शिक्षण विभाग को पावर प्वॉइंट विषय पर नवीनतम विशेषताओं की जानकारी देना है, ताकि हम अपनी कार्यकुशलता को बढ़ा सकें।

इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी।

कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी। (चंद्रमोहन)